महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं. 17-2/2023(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 14/12/2023

अधिसूचना

अनुदानरहित वेदपाठशालाओं/अनुदानरहित गुरु-शिष्य-परम्परा इकाइयों में अध्ययनरत वेदभूषण चतुर्थ (कक्षा 9वीं समकक्ष) वर्ष छात्रों को आधुनिक विषयों के अतिरिक्त कौशल-विकास एवं उद्यमिता (पुरोहित, वास्तु-शास्त्र, ज्योतिष-शास्त्र, वैदिक-गणित, वैदिक-संस्कार, मन्दिर-प्रबन्धन, वेद-शास्त्र-प्रवचन, स्मार्त-यज्ञ, श्रौत-यज्ञ, योग-प्रशिक्षण, आयुर्वेद एवं वनौषधि) के रोजगारन्मुखी अध्ययन प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तथा परीक्षा के सम्बन्ध में।

भारतीय प्राचीन संस्कृति एवं वेदों में निहित प्राचीन ज्ञान एवं कला के प्रचार-प्रसार एवं वेद अध्ययनरत छात्रों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से अनुदानरहित वेद पाठशालाओं/अनुदानरहित इकाइयों में अध्ययनरत वेद छात्रों को सस्वर वेद कण्ठस्थीकरण एवं उच्चारण की शुद्धता के साथ साथ मन्दिर में पूजा-विधि, स्तोत्र-पाठ, वास्तु, ज्योतिष आदि प्राचीन कलाओं एवं संस्कृति का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा देशभर में अनुदानरहित वेदपाठशालाओं/ अनुदानरहित गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों/ अनुदानरहित वेद विद्यालयो में वेदभूषण पाठ्यक्रम में अध्ययनरत समस्त छात्रों को वेद शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकि ज्ञान, विज्ञान, कौशल-विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. 3-7/2023-skt. I दिनांक 4/7/2023 के द्वारा प्रतिष्ठान को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण परिषद् (National Council for Vocational Educational and Training) के द्वारा सञ्चालित वेद आधारित कौशल विकास एवं उद्यमिता सम्बन्धी पाठ्यक्रम सञ्चालित करने एवं प्रमाण पत्र प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रतिष्ठान द्वारा सञ्चालित किए जाने वाले कौशल पाठ्यक्रम को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से भी मान्यता प्राप्त है ।

शिक्षा मन्त्रालय की स्वीकृति अनुसार अनुदानरहित वेदपाठशालाओं/ अनुदानरहित इकाइयों/ अनुदानरहित वेद-विद्यालयों में वेदाध्ययनरत छात्र वेदभूषण-चतुर्थ वर्ष (कक्षा 9वीं समकक्ष) में प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित वेद एवं आधुनिक विषय पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशल विकास एवं उद्यमिता के रोजगारन्मुखी 11 विषयों की संलग्न सूची में से अपनी रुचि अनुसार कोई दो विषयों का चयन कर अध्ययन कर सकते हैं। प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित वेद एवं आधुनिक विषय पाठ्यक्रम के साथ-साथ छात्रों के द्वारा लिए गए कौशल विकास विषय की भी वार्षिक परीक्षा प्रतिष्ठान द्वारा सम्भवतः माह अप्रैल में आयोजित की जाएगी। वार्षिक परीक्षा में छात्र को आधुनिक विषय परीक्षा परिणाम में कौशल विकास पाठ्यक्रम के विषय में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर किसी एक आधुनिक विषय परीक्षा परिणाम में वरीयता प्रदान की जाएगी।

दूरभाष (0734) 2502266, 2502254, 2502255
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

कौशल विकास के कुल 11 विषयों में से अपने रुचि अनुसार कोई दो विषयों के चयन के लिए पाठ्यक्रम की सूची संलग्न हैं। प्रत्येक विद्यालय/संस्था प्रबन्धन अध्यापन हेतु स्वयं व्यवस्था करेंगे। वेद छात्रों के कौशल विकास पाठ्यक्रम के अध्यापन का दायित्व वेद अध्यापक का होगा, यह उन्हीं के कार्यक्षेत्र का भाग है, अतः वे इस हेतु तत्पर रहें।

ऑनलाइन आवेदन पत्र: दिनांक 18/12/2023 से दिनांक 15/1/2024 तक प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.msrvvp.ac.in पर भरे जा सकते हैं ।

परीक्षा दिनांक : कौशल विकास पाठ्यक्रम की परीक्षाएं सम्भवत: अप्रैल, 2024 में आयोजित की जाएगी ।

वार्षिक परीक्षा शुल्क : कौशल विकास पाठ्यक्रम हेतु प्रति छात्र राशि रू. 300/-

वार्षिक परीक्षा शुल्क RTGS/NEFT द्वारा MSRVVP-MSRVSSB (महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान-महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड), केनरा बैंक, चिन्तामण जवासिया, उज्जैन के खाता संख्या:- 110102630290, IFSC कोड:- CNRB0005679 में देय रहेगा ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सहायक निदेशक, मसारावेविप्र, उज्जैन
(2) प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं/इकाइयों/रा.आ.वे.वि. में अध्ययनरत छात्रों/अध्यापकों की सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ ।
(3) कार्यालय आदेश पत्रावली ।